

WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM

डॉ. सुरेश मेहरोत्रा

नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत

राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

### • क्या प्रधानमंत्री मोदी सितंबर की शुरुआत में मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे?

नई दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में इस बात की अटकलें तेज हो रही हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सितंबर की शुरुआत में केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल करेंगे। सत्तारूढ़ भाजपा में हाल ही में हुए संगठनात्मक परिवर्तनों के बाद, आगामी फेरबदल का उद्देश्य शासन को नई ऊर्जा प्रदान करना और भविष्य के चुनावी मुकाबलों के लिए रणनीतिक तैयारी करना है। वर्तमान मंत्रिपरिषद में संविधान के अनुसार 81 सदस्यों की सीमा के तहत 12 पद रिक्त हैं, जिससे रणनीतिक रूप से नए सदस्यों को शामिल करने की पर्याप्त गुंजाइश है। इस संभावित पुनर्गठन से एनडीए के प्रमुख गठबंधन सहयोगियों को शामिल करने के साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राज्यों से क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की उम्मीद है। इसके अलावा, पार्टी नेतृत्व युवा सांसदों, महिला नेताओं और नई प्रशासनिक प्रतिभाओं को शामिल करके एक पीढ़ीगत बदलाव लाना चाहता है, जिसके तहत कम प्रदर्शन करने वाले मंत्रियों को संगठनात्मक जिम्मेदारियों की ओर स्थानांतरित किया जा सकता है। वर्तमान में कई विभागों का कार्यभार संभाल रहे वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का भार कम करने से प्रमुख विभागों में समग्र प्रशासनिक दक्षता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

### • क्या प्राइम-टाइम एंकर उत्तर प्रदेश चुनावों में चुनाव लड़ेगा ?

दिल्ली से लेकर लखनऊ तक के राजनीतिक गलियारों में इस बात की अटकलें तेज हैं कि कोई मीडिया हस्ती जल्द ही प्रसारण स्टूडियो छोड़कर चुनावी मैदान में उतर सकती है। अफवाहों के मुताबिक, प्राइम टाइम समाचारों को परिभाषित करने और राष्ट्रीय बहस को दिशा देने के लिए मशहूर एक अनुभवी पत्रकार आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में एक महत्वपूर्ण सीट से चुनाव लड़ने के लिए एक प्रमुख राजनीतिक दल से बातचीत कर रहे हैं। हालांकि आधिकारिक जानकारी पूरी तरह से गुप्त रखी गई है, लेकिन एक महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र में प्रारंभिक तैयारियां जोर पकड़ रही हैं। प्रसारण जगत के इस दिग्गज का अंततः चुनाव में उतरना देखना सबसे दिलचस्प घटनाक्रमों में से एक होगा।

### • केंद्रीय बजट 2027-28 की तैयारियां शुरू; बजट से पहले की बैठकें 12 अक्टूबर से होंगी

सरकार ने केंद्रीय बजट 2027-28 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। बजट से पहले की बैठकें 12 अक्टूबर, 2026 से शुरू होने वाली हैं, जबकि मंत्रालयों और विभागों को 6 अक्टूबर तक आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। उम्मीद है कि बजट प्रक्रिया 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण के सरकार के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप ही रहेगी।

### • क्या विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय पीओके और गिलगित-बाल्टिस्तान के प्रस्तावित संवैधानिक दर्जे में बदलाव पर नजर रख रहे हैं?

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और गिलगित-बाल्टिस्तान की संवैधानिक स्थिति में महत्वपूर्ण संरचनात्मक परिवर्तनों का सक्रिय रूप से मूल्यांकन कर रहा है। दोनों क्षेत्रों को अंतरिम रूप से प्रांत जैसा दर्जा देने का प्रस्ताव विचाराधीन है। यह प्रशासनिक परिवर्तन प्रस्तावित 28वें संवैधानिक संशोधन के माध्यम से या अलग से विशेष कानून बनाकर लागू किया जा सकता है। इस कानूनी पुनर्मूल्यांकन के तहत, इस्लामाबाद के अधिकारी यह जांच कर रहे हैं कि क्या पाकिस्तानी संविधान के अनुच्छेद 1(2) में संशोधन की आवश्यकता है, जो स्पष्ट रूप से पाकिस्तान की राष्ट्रीय सीमाओं और क्षेत्रों को परिभाषित करता है। इस प्रावधान में संशोधन करने से, भले ही इस स्थिति को अस्थायी बताया गया हो, दोनों क्षेत्र कानूनी रूप से संघीय शासन संरचना के साथ अधिक मजबूती से जुड़ जाएंगे। इन विचार-विमर्शों पर नई दिल्ली की ओर से तत्काल कड़ी नजर रखी जा रही है। भारत के विदेश मंत्रालय (MEA) और गृह मंत्रालय (MHA) स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

## प्रशासनिक

### • केंद्र शासित प्रदेश : सबसे युवा कलेक्टर



अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के चांगथांग जिले के उपायुक्त आईएएस नीतीश राजोरा और दीव जिले के कलेक्टर आईएएस राहुल देव बूरा केंद्र शासित प्रदेशों में सेवारत सबसे युवा जिला कलेक्टर हैं। दोनों अधिकारियों का जन्म 1998 में हुआ था और वे एजीएमयूटी कैडर के 2021 बैच से संबंधित हैं।

### • क्या निजी क्षेत्र का कोई पेशेवर व्यक्ति न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड का नेतृत्व करेगा ?

इस बार सरकारी कंपनी न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) का नेतृत्व निजी क्षेत्र के किसी पेशेवर के हाथ में जाने की संभावना है। बोइंग इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी का नाम चर्चा में है, जिन्होंने एयरबस के साथ भी काम किया है। एनएसआईएल का नेतृत्व हमेशा से इसरो के अंदरूनी अधिकारियों ने किया है, जिनमें सुमा देवकी राम, जी नारायणन, राधाकृष्णन डी और एम मोहन शामिल हैं।

### • एचडीएफसी बैंक के नए सीईओ कौन होंगे?

**एचडीएफसी बैंक** के उप प्रबंध निदेशक, कैजाद भरूचा, इस पद के लिए सबसे विश्वसनीय आंतरिक दावेदार हैं। वे कोई नए उत्तराधिकारी नहीं हैं। वे 1995 से बैंक के साथ जुड़े हुए हैं, इसके कार्यकारी बोर्ड के सबसे लंबे समय तक सेवारत सदस्य हैं और पहले से ही उप प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

**जिमी टाटा:** यह वो नाम है जो पूरी तस्वीर बदल देता है। सूत्रों के अनुसार, भरूचा और जिमी टाटा को दो आंतरिक उम्मीदवारों के रूप में देखा जा रहा है और संभवतः इस बारे में आरबीआई को सूचित भी कर दिया गया है। यदि यह सही है, तो टाटा अब केवल गलियारों में चर्चा का विषय नहीं रह गए हैं—वे एक गंभीर आधिकारिक दावेदार बन गए हैं।

**कोई बाहरी बैंकर** या निजी क्षेत्र के किसी दिग्गज बैंकिंग हस्ती: अभी तक किसी एक व्यक्ति की पहचान नहीं हुई है, बल्कि किसी अन्य बड़े निजी बैंक या प्रमुख वित्तीय संस्थान के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति की संभावना है। बोर्ड आंतरिक विकल्पों के साथ-साथ किसी मजबूत बाहरी नाम को भी शामिल करना चाहेगा, खासकर इसलिए क्योंकि अंततः आरबीआई ही नियुक्ति को मंजूरी देता है।

**श्रीनिवासन वैद्यनाथन:** वरिष्ठता और वित्तीय योग्यताओं के कारण उनका नाम स्वाभाविक रूप से बैंकिंग जगत में आ सकता है। लेकिन, उन्हें केवल एक संभावित दावेदार के रूप में नहीं, बल्कि बाजार में चर्चा का विषय माना जा सकता है।

**एस. बालासुब्रमण्यम** भी एक दावेदार हैं। वे मई 2011 से बैंक के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं और उन्हें बैंकिंग उद्योग में 40 वर्षों का अनुभव है।

### • आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल ने इस्तीफा दिया

उत्तर प्रदेश कैडर की 2013 बैच की आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल ने सेवा से इस्तीफा दे दिया है।



### • वायुसेना प्रमुख अक्टूबर में सेवानिवृत्त होंगे

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके उत्तराधिकारी का चयन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं केवल आनंदित करने वाली कथाएं नहीं, उनमें गहन आध्यात्मिक संदेश निहित है : योगी आदित्यनाथ

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी हैं। असत्य और अन्याय के अंधकार के बीच सत्य और धर्म का प्रकाश प्रस्फुटित हुआ। श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं केवल आनंदित करने वाली कथाएं नहीं, उनमें गहन आध्यात्मिक संदेश निहित है।

मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों को पाती लिखकर कहा कि माखन चोरी में सहजता और निश्छलता का संदेश मिलता है। गोप-गोपियों के साथ श्रीकृष्ण की आत्मीयता में प्रेम और समरसता का संदेश है। कालिया नाग के दमन में अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश है।

श्रीकृष्ण का जीवन बताता है कि समाज की शक्ति सामूहिक सहकारिता में निहित है। गोवर्धन पर्वत धारण कर श्रीकृष्ण ने प्रकृति, पशुधन और कृषि आधारित जीवन के संरक्षण का संदेश दिया है। गोवर्धन पूजा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण ने सामूहिक एकजुटता की शक्ति का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि श्रीकृष्ण कुलीनता के नहीं, समरसता के प्रतीक हैं। श्रीकृष्ण समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ खड़े रहे। द्वारिका श्रीकृष्ण सुदामा के आत्मीय मित्र भी थे। सुदामा से मित्रता ने बताया, सच्चे संबंध पद, प्रतिष्ठा और संपन्नता से नहीं, आत्मीयता से बनते हैं। योगी ने कहा कि समरसता, समानता और आत्मीयता आज के समाज की आवश्यकता है। योगेश्वर श्रीकृष्ण का जीवन लोककल्याणकारी शासन की मूल



भावना की प्रेरणा देता है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान और सुरक्षा देने के लिए सरकार कार्य कर रही है। गरीबी मुक्त उत्तर प्रदेश, प्रतिभासंपन्न निपुण युवाओं को काम और अन्नदाताओं को सहारा देने का प्रयास है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बेटियों को बेटों के समान आगे बढ़ने का अवसर देना लोक कल्याण की भावना है। गीता में श्रीकृष्ण ने कर्म, ज्ञान और कर्तव्य का मार्ग दिखाया है। श्रीकृष्ण का कर्म, ज्ञान और कर्तव्य का संदेश किसी एक युग तक सीमित नहीं। उत्तर प्रदेश की धरती श्रीकृष्ण की लीलाओं और संदेशों की पावन भूमि है।

मथुरा, गोकुल, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना और नंदगांव सनातन सांस्कृतिक चेतना के जीवंत केंद्र हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि जन्माष्टमी पर विरासत के संरक्षण और सामाजिक समरसता का संकल्प लें। विकसित एवं गौरवशाली उत्तर प्रदेश के निर्माण का संकल्प लें।

### हापुड़ सड़क हादसे में हुई जनहानि पर मुख्यमंत्री ने जताया दुख

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौत पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने संबंधित जिले के अधिकारियों को पीड़ितों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने हापुड़ जिले में हुए सड़क हादसों में चार लोगों की मौत की घटना का संज्ञान लिया है। इस घटना पर मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार करवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी आदेश दिया है कि पीड़ित परिवार से संवाद कर उन्हें हर संभव मदद पहुंचायी जाए। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की है। उल्लेखनीय है कि हापुड़ जिले में गंगा एक्सप्रेस-वे पर रविवार देर रात एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक घायल है। पुलिस ने मृतकों की पहचान बदायूं जिले के पालपुर गांव के रहने वाले निवासी जोगिंदर (26), सुखबीर (25), जसवंत (20) और रवि कुमार (20) के रुप में की हैं। वहीं, घायल विष्णु (17) का इलाज चल रहा है।

## जनता दर्शन : भाई ने बताई बहन की तकलीफ तो मुख्यमंत्री ने तुरंत लोहिया अस्पताल में कराया भर्ती

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानवीय रूप देख अन्य आगंतुक देखते ही रह गए। मुख्यमंत्री योगी का यह रूप देख किसी की भावनाएं आंसुओं के जरिए निकल पड़ीं तो किसी ने अपनी कुर्सी से ही हाथ जोड़कर मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता के प्रति आभार जताया।

दरअसल अयोध्या से आए एक भाई-बहन जनता दर्शन में पहुंचे। भाई ने मुख्यमंत्री से बताया कि उनकी बहन गंभीर रूप से बीमार है। वह बहन को लेकर लखनऊ आए हैं। उन्हें जल्द से जल्द इलाज की आवश्यकता है। इस पर मुख्यमंत्री ने पीड़िता को तत्काल लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज भी शुरू हो गया है।

अयोध्या से आए श्याम सोनकर ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी बहन बबिता कुछ दिनों से अयोध्या में भर्ती थीं। डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया है। परिवार अत्यंत गरीब है। इसलिए इलाज में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर मुख्यमंत्री ने अपने आवास से तत्काल पीड़िता को एंबुलेंस से डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान गोमती नगर भिजवाया। मुख्यमंत्री का निर्देश मिलने के बाद डॉक्टरों की देख-रेख में मरीज का इलाज प्रारंभ हो गया। मुख्यमंत्री ने पीड़िता के परिजनों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया।

बहन बबिता के एडमिट होते ही उनके भाई श्याम ने चैन की सांस ली। डॉक्टरों को उन्होंने पूरी बीमारी आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया। इलाज की प्रक्रिया प्रारंभ होते ही श्याम की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने फोन करके मुख्यमंत्री आवास को इसकी जानकारी भी दी और धन्यवाद ज्ञापित किया।

**धन की कमी के कारण नहीं रुकेगा किसी का इलाज :** 'जनता दर्शन' में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण कराकर शासन में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि धन की कमी के कारण किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

**चॉकलेट पाकर खिलखिला उठी मासूम :** 'जनता दर्शन' में एक मासूम अपनी मां के साथ आई थी। योगी ने उनकी मां की समस्या सुनी, फिर बच्ची से मुखातिब हुए और दुलारा-पुचकारा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने चॉकलेट मंगाई और उसके सामने रैपर खोलना शुरू कर दिया।

## कानपुर में गंगा का जलस्तर 28 सेंटीमीटर घटा

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, कानपुर :** कानपुर के बैराज पर गंगा का जलस्तर रविवार की तुलना में 28 सेंटीमीटर घटकर 113.870 मीटर पर पहुंच गया। जलस्तर में गिरावट से फिलहाल बाढ़ का दबाव कुछ कम हुआ है। हालांकि गंगा के जलस्तर और आसपास के इलाकों की लगातार निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सभी संबंधित विभागों को सतर्क और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए हैं।

बैराज का अपस्ट्रीम जलस्तर रविवार को 114.150 मीटर था, जो सोमवार को घटकर 113.870 मीटर रह गया। इस तरह एक दिन में 28 सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई। डाउनस्ट्रीम जलस्तर भी रविवार के 113.890 मीटर से घटकर 113.620 मीटर हो गया। बैराज का चेतावनी स्तर 114 मीटर और खतरे का स्तर 115 मीटर है। मौजूदा जलस्तर चेतावनी बिंदु से नीचे है। बैराज से छोड़े जा रहे पानी की मात्रा में भी कमी आई है। रविवार को 3,53,607 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज दर्ज किया गया था, जो सोमवार को घटकर 3,23,094 क्यूसेक रह गया। इस तरह डिस्चार्ज में 30,513 क्यूसेक की कमी हुई है। शुक्लागंज में भी गंगा का जलस्तर कम हुआ है। सोमवार को यहां जलस्तर 112.470 मीटर दर्ज किया गया। शुक्लागंज का चेतावनी स्तर 113 मीटर और खतरे का स्तर 114 मीटर निर्धारित है। यहां भी जलस्तर दोनों स्तरों से नीचे बना हुआ है।

## प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर बढ़ा, सभी तटबंध सुरक्षित

### जिला प्रशासन लगातार कर रहा निगरानी, खतरे के निशान से अभी नीचे हैं नदियां

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज में गंगा और यमुना के जलस्तर में पिछले 24 घंटे में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि, दोनों नदियां अभी खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। सोमवार सुबह आठ बजे तक जिला प्रशासन के मुताबिक, सभी तटबंध सुरक्षित हैं और जलस्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है।

जिला प्रशासन ने बताया कि सोमवार की सुबह आठ बजे नैनी में यमुना का जलस्तर 82.20 मीटर दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में इसमें 67 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। यहां 30.8 मिलीमीटर वर्षा



दर्ज की गई। इसी तरह फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 82.62 मीटर पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में यहां 1.06 मीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई। फाफामऊ में 14.6 मिलीमीटर वर्षा हुई। छतनाग में गंगा का जलस्तर 81.68 मीटर रहा, जिसमें 63 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई। यहां 20 मिलीमीटर वर्षा हुई। बक्शी बांध स्थित एसटीपी पर जलस्तर 82.26 मीटर** दर्ज किया गया, जिसमें पिछले 24 घंटे में 52 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है।

जनपद में नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन की ओर से निगरानी बढ़ा दी गई है। संबंधित विभागों और अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन के अनुसार सभी तटबंध पूरी तरह सुरक्षित हैं, इसलिए फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। लोगों से भी नदी और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से जाने से बचने की अपील की गई है।

## गंगा एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार थार बेकाबू, दो भाइयों समेत 4 की मौत

### करीब 100 किमी की रफ्तार से डिवाइडर तोड़कर छह लेन पार हुई गाड़ी

**हापुड़:** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में गंगा एक्सप्रेस-वे पर रविवार देर रात एक तेज रफ्तार थार के बेकाबू होकर दुर्घटनाग्रस्त होने से दो सगे भाइयों समेत चार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी मृतक बदायूं जिले के रहने वाले थे और दिल्ली जा रहे थे।

हादसा सिंभावली थाना क्षेत्र में जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर रविवार रात लगभग 11:56 बजे हुआ। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें तेज रफ्तार थार अचानक नियंत्रण खोती दिखाई दे रही है। वाहन डिवाइडर को तोड़ते हुए एक्सप्रेस-वे की छह लेन पार कर दूसरी ओर पहुंच गया और रेलिंग से जा टकराया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि थार के परखच्चे उड़ गए। वाहन की छत टूटकर अलग हो गई, जबकि अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद गाड़ी करीब पांच फीट पीछे जा



पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद वाहन में सवार लोग अंदर फंस गए थे। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल सीएचसी सिखेड़ा पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने पालपुर निवासी जोगेंद्र (26), मेवली निवासी दो सगे भाई सुखविंदर (25) और जसवंत (20), तथा पुरदलपुर निवासी रवि (20) को मृत घोषित कर दिया।

हादसे में पालपुर निवासी विष्णु (17) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार, रवि और जोगेंद्र आपस में ममेरे-फुफेरे भाई थे, जबकि घायल विष्णु उनका चचेरा भाई है।

परिजनों ने बताया कि सभी युवक रविवार रात करीब नौ बजे घर से दिल्ली के लिए निकले थे। जोगेंद्र खेती-किसानी का काम करते थे और थार उन्हीं की बताई जा रही है।

रवि दिल्ली में नौकरी करता था, जबकि अन्य युवक भी दिल्ली में प्लास्टिक और पॉलिएस्टर से जुड़े काम करते थे। मृतक सुखविंदर विवाहित थे, जबकि अन्य युवकों की शादी नहीं हुई थी। थाना प्रभारी अरविंद चौधरी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### कोचिंग संचालक की जलकर मौत

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में एक मकान में आग लगने से कोचिंग संचालक की जलकर मौत हो गई। घटना शनिवार रात की है। रविवार सुबह कामवाली के दरवाजा खटखटाने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उसने मकान मालिक को जानकारी दी।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां बेड पर बुजुर्ग का जला हुआ शव मिला। मृतक की पहचान 70 वर्षीय विनय बोस के रूप में हुई है। वह मूल रूप से जगदलपुर, छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। विनय फरवरी 2026 से आगरा के सेक्टर-10 स्थित एक मकान में अपने छोटे भाई सुनील बोस के साथ किराए पर रह रहे थे। दोनों भाई न्यू साईं एजुकेशन ट्यूशन एकेडमी के नाम से इंग्लिश स्पीकिंग सहित अन्य विषयों की कोचिंग चलाते थे।

पुलिस के अनुसार, घटना के समय विनय बोस घर में अकेले थे। उनका छोटा भाई सुनील रक्षाबंधन के कारण आगरा से बाहर गया हुआ था। स्थानीय लोगों के मुताबिक दोनों भाइयों का कॉलोनी में लोगों से ज्यादा संपर्क नहीं था।

### मां की अस्थियां लेकर जा रहे परिवार की पिकअप हादसे में 6 मौतें

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में सोमवार तड़के हुए सड़क हादसे में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हो गए। हादसे में उन दो बेटियों की भी जान चली गई, जो अपनी मां की अस्थियां विसर्जित करने के लिए परिवार के साथ सोरोंजी तीर्थ स्थल जा रही थीं। राजस्थान के करौली निवासी परिवार 62 वर्षीय सुआ देवी की अस्थियां लेकर मैक्स पिकअप से सोरोंजी जा रहा था। इसी दौरान कासगंज-मथुरा रोड पर मोहनपुरा के पास पिकअप ने आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बोनट पिचक गया।पीछे बैठे कई लोग वाहन से उछलकर करीब पांच फीट दूर जा गिरे।

## 61 शिक्षकों को मिलेगा राज्य अध्यापक पुरस्कार, 5 सितंबर को होगा सम्मान

### बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी की चयनित शिक्षकों की सूची

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत 61 शिक्षकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राज्य सरकार ने राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 के लिए चयनित शिक्षकों के नामों को मंजूरी दे दी है। चयनित शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को सम्मानित किया जाएगा।

बेसिक शिक्षा विभाग के उप सचिव शम्भू प्रसाद ने सोमवार को शिक्षा निदेशक (बेसिक) को पत्र जारी कर राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 के लिए चयनित शिक्षकों की जानकारी दी। विभाग की ओर से जारी सूची में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 61 शिक्षकों को शामिल किया गया है। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों के चयन के लिए राज्यस्तरीय चयन समिति का गठन किया गया था। समिति की बैठकें 13, 14, 18 और 19 अगस्त 2025 को आयोजित की गई थीं। इन बैठकों में शिक्षकों के कार्यों, योगदान और उपलब्धियों का मूल्यांकन किया गया। राज्यस्तरीय चयन समिति की ओर से की गई संस्तुतियों के आधार पर 61 शिक्षकों के नामों को अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई है। चयनित शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य, विद्यालय विकास में योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए बेहतर प्रयासों के लिए यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षकों की सूची जारी कर दी गई है। इसके बाद संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में चयनित शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया जाएगा। सरकार की ओर से यह पुरस्कार शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने और उनके योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है।

## आपका राशिफल 01 सितम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक 1 4 6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): राजकीय कार्यों से लाभ। सामाजिक मान सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़ तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक 3 5 9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8